कार-बाईक की भिडंत में दो की मौत

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 30 जून, सं. गनियारी के पास सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में सात आठ माह की गर्भवती महिला, उसके गर्भस्थ शिशु और ससुर की मौत हो गई. जबकि उनके साथ बाइक पर सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई.

हादसा उस समय हुआ जब पचोर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार (एमपी 09 एमई 9000) सड़क पर बैठे आवारा मवेशी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार के साथ काफी दूर तक घिसटती चली गई.

जानकारी के अनुसार कड़िया सासी निवासी निमो पत्नी अमन, गर्भावस्था की जांच कराने भोपाल गई थी. उसके साथ गांव की 16 वर्षीय जिया गौतम भी थी. देर होने के कारण पचोर मार्ग की बस नहीं मिली, जिसके बाद निमो के ससुर जीतमल पिता श्रवण गांव से बोडा बायपास नरसिंहगढ़ बाइक पर दोनों को लेने पहुंचे. तीनों गांव लौट रहे थे. इसी दौरान गनियारी के समीप यह हादसा हो गया. दुर्घटना में जीतमल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. गंभीर रूप से घायल निमो और जिया गौतम को तत्काल सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ लाया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भोपाल रेफर किया गया. भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही निमो ने भी दम तोड़ दिया, जबकि जिया गौतम का भोपाल में उपचार जारी है. मंगलवार को गांव में जीतमल, निमो और उसके गर्भस्थ शिशु का अंतिम संस्कार किया गया. एक ही परिवार पर टूटे इस दुख के पहाड़ से पूरे कडिया सासी गांव में शोक की लहर छा गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किया गया. दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हुई है. पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.



यूनानी एवं एलोपेथी पद्धति से कम खर्च में मरीज को कर देते है ठीक

डॉ. एसएच अली
साहू धर्मशाला के पास, सुठालिया रोड़, ब्यावरा

ब्यावरा. कम खर्च पर बेहतर उपचार के साथ यदि कोई मरीज तुरंत ठीक हो जाये तो उसके लिए इससे खुशी की बात और क्या हो सकती है. ऐसा ही कम खर्च पर उपचार नगर के सुठालिया रोड पर साहू धर्मशाला के समीप संचालित क्लीनिक पर होता है. डा. एस.एच.अली के द्वारा बहुत ही कम बजट में यूनानी एवं एलोपेथी पद्धति से मरीजों का उपचार किया जाता है.

उनकी पहचान एक सहज, सरल चिकित्सक के रुप में है. वह मरीज के लिए सदैव उपलब्ध रहने और सस्ता उपचार करने वाले चिकित्सक के रुप में पहचाने जाते है. बहुत कम दवाईयों में मरीज को ठीक कर देते है. अनावश्यक रुप से कोई जांच भी उनके द्वारा नहीं करवाई जाती है. वह इसकी चिंता करते है कि उनके यहां विश्वास के साथ आये मरीज को जल्द व स्थाई स्वास्थ्य लाभ मिले. वर्तमान में वह क्लीनिक का संचालन करते हुए अपनी सेवाएं दे रहे है.

नेत्र रोगियो में उम्मीद की किरण बने डॉ. कपिल अग्रवाल

स्व. डॉ. आर के अग्रवाल, ब्यावरा

ब्यावरा. नगर सहित आसपास क्षेत्र के नेत्र रोगियों के लिए युवा नेत्र चिकित्सक डा. कपिल अग्रवाल एक उम्मीद की किरण बने हुए है. उनके द्वारा जटिल नेत्र रोगों का अपनी योग्यता, अनुभव एवं आत्याधुनिक पद्धति के द्वारा सफलता पूर्वक उपचार किया जा रहा है.

डॉ. अग्रवाल के पिताश्री प्रख्यात नेत्र चिकित्सक स्व आर.के. अग्रवाल द्वारा नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी अहम सेवाएं देते हुए सैकड़ों नेत्र रोगियों के जीवन में उजाला किया है. उनकी कमी चिकित्सा क्षेत्र में हमेशा खलती रहेगी. यह संयोग ही है कि 1 जुलाई डॉक्टर डे को ही उनका जन्म दिन है.

अब उनके पुत्र डॉ. कपिल अग्रवाल भी अपनी विशिष्ट योग्यता, अनुभव और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा नेत्र रोगियों का सफलता पूर्वक उपचार कर रहे है. सुठालिया बायपास स्थित डॉ. अग्रवाल के नेत्र चिकित्सालय में उनके पुत्र नेत्र विशेषज्ञ डा. कपिल द्वारा अपने स्व पिता के आशीर्वाद से नेत्र संबंधी बिमारियों का बेहतर उपचार करते हुए महानगरों में नेत्र रोगियों को मिलने वाली सुविधा यहां प्रदान की जा रही है.

अंचल के चिकित्सा क्षेत्र में सेवा का दूसरा नाम डॉ प्रतुल मजूमदार

डॉ. प्रतुल मजूमदार

ब्यावरा. किसी भी प्रकार की कोई भी जटिल बिमारी का होम्योपैथिक पद्धति से सटिक उपचार किया जा रहा है. यह संभव कर दिखाया है नगर में डॉ. प्रतुल मजूमदार ने हजारों की संख्या में मरीज इनके उपचार द्वारा गंभीर बिमारियों से छुटकारा पा चुके है. मरीज को पूर्ण स्वस्थ करना ही डा. मजूमदार का मुख्य ध्येय है. **डॉ. मजूमदार की पहचान नगर ही नहीं** जिले एवं क्षेत्र में एक बेहतर चिकित्सक के रुप में बन गई है. यहां आने वाला मरीज पूर्ण स्वस्थ होकर ही वापस जाता है. होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में विशेषज्ञ डा. प्रतुल मजूमदार आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है.

अपने अध्ययन एवं अनुभव से डॉ. मजूमदार द्वारा विभिन्न गंभीर बिमारियों का उपचार किया जा रहा है. **डॉ. मजूमदार के द्वारा चर्म रोग, सफेद दाग, स्त्री रोग, सफेद पानी आने जैसे रोगों का होम्योपैथिक पद्धति के माध्यम से सफलता पूर्वक ईलाज किया जाता है.** डॉ. प्रतुल मजूमदार द्वारा आशीर्वाद कम्प्यूटराईज्ड होम्योपैथिक चिकित्सा केन्द्र क्लीनिक का संचालन राजगढ़ रोड़ पर डागा इलेक्ट्रॉनिक के पास किया जा रहा है.

दांतों की हर तकलीफ का सफल ईलाज

डॉ. तरुण गुप्ता

ब्यावरा. नगर के माँ वैष्णोदेवी मन्दिर, बस स्टेण्ड के समीप संचालित गुप्ता मल्टी स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक पर दांतों की हर तकलीफ दूर हो जाती है.

दांतों एवं मसूड़ो से संबंधी किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ का उपचार यहां संभव है. डॉ. तरुण गुप्ता द्वारा सटीक उपचार किया जाता है.

डा. गुप्ता का कहना है कि दांतों की देखभाल प्रमुखता से करना चाहिए. बी.एससी. बीडीएस, एम.एस.डब्ल्यू.मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण गुप्ता के अनुसार उनके क्लीनिक पर दांतों का डिजिटल एक्स-रे आर.वी.जी. द्वारा 4 सेकण्ड में होता है.

दांत जैसे कलर में करने, दांतों को बिना उखाड़े ठीक करना, दांतों एवं मसूड़ों की आधुनिक मशीनों द्वारा सफाई एवं पालिशिंग, आधुनिक मशीनों के द्वारा दांतों की नसों का ईलाज, बच्चों के दांतों की समस्या का समाधान, दांतों की नसों का ईलाज सिंगल एवं मल्टीपल सिटिंग द्वारा किया जाता है.

बबीसी व निकलने वाले दांतों को बनाना, फिक्स दांत लगाना, मुंह में सूजन एवं छालों का ईलाज, दांतों में मसाला भरना, आड़े-तिरछे एवं बाहर निकले हुए दांतों को ठीक करना, डेन्टल इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध है.

डॉक्टर्स डे विशेष

चिकित्सक के प्रति आदर, सम्मान का भाव आमजन में तभी होता है जब उनके द्वारा मरीजो के प्रति सेवा का भाव हो. जिले में ऐसे कई चिकित्सक है जिनकों आज भी लोग बेहद सम्मान के साथ याद करते है. बेहतर उपचार के साथ ही उनके स्नेह, सेवाभाव चर्चा में रहते आये है. आज के दौर में भी कुछ चिकित्सक अपने में इन्हीं गुणों की वजह से अपनी पहचान बना चुके है.

आपकी मुस्कान, हमारी जिम्मेदारी

दांतों की आधुनिक तरीकों से सही देखभाल यानी डॉ कुम्भारे

डॉ प्रवीण एवं श्रीमती कुम्भारे
दंत रोग विशेषज्ञ, ब्यावरा

ब्यावरा. स्वस्थ और चमचमाते दांत आपकी मुस्कान को प्रभावी बनाते है. इस मुस्कान को सहेजने की जिम्मेदारी डॉ प्रवीण कुम्भारे एवं श्रीमती कुम्भारे ब्यावरा में उठा रहे है. किसी भी प्रकार की कोई दांतों की तकलीफ को दूर करने में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुम्भारे को महारत हांसिल है. दांतों की कोई गंभीर बिमारी का सटीक उपचार कर मरीज को जल्द से जल्द लाभ पहुंचाने में डॉ. कुम्भारे ने नगर सहित क्षेत्र व जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. जटिल दंत रोगों का डा. कुम्भारे ने सटिक उपचार किया है. यही वजह है कि दंत चिकित्सक के रुप में वह आज काफी लोकप्रिय है. ब्यावरा में राजगढ़ रोड स्थित श्रीराम कॉम्पलेक्स में डा. कुम्भारे एवं श्रीमती डा. कुम्भारे द्वारा क्लीनिक संचालित करते हुए अपनी सेवाएं दी जा रही है. जिले की पहली ओ.पी.जी. एक्स-रे मशीन की सुविधा क्लीनिक पर उपलब्ध है. बड़े महानगरों में मिलने वाली दंत संबंधी चिकित्सा सुविधा डॉ. कुम्भारे द्वारा नगर में ही उपलब्ध कराई जा रही है. वह एक विश्वसनीय चिकित्सक के रुप में अपनी पहचान बना चुके है. बेहतर ईलाज के साथ ही मरीजों के साथ उनका आत्मीय व्यवहार एक अलग पहचान दिलाता है.

आपकी आंखों के सही और सटीक उपचार का नाम डॉ. डीके गुप्ता

डॉ डीके गुप्ता, ब्यावरा

ब्यावरा. आंखे हमारे जीवन और दिनचर्या के लिए महत्वपूर्ण है. आंखों से जीवन में उजाला है. आंखों की गंभीर से गंभीर बिमारी का सटीक उपचार डॉ. डीके गुप्ता द्वारा नगर में किया जाता है. नेत्र रोग विशेषज्ञ के रुप में उनकी एक अलग पहचान बन चुकी है.

- नेत्र रोगियों के लिए डॉ. गुप्ता बेहतर ईलाज कर वरदान साबित हो रहे है. आसपास क्षेत्र, जिले ही नहीं अपितु दूर-दूर से मरीज अपनी आंखों की तकलीफ लेकर आते है. जटिल से जटिल आंख के रोग को डॉ. गुप्ता बड़े ही आसानी के साथ दूर कर देते है. लोग उम्मीद के साथ यहां आते है. शहर एवं महानगरों में आंखों की बीमारियों का उपचार संभव हो पाता है अब वही उपचार ब्यावरा नगर में डॉ. गुप्ता अपनी विशेषज्ञता, अनुभव से संभव कर दिखा रहे है.
- डॉ. गुप्ता द्वारा ब्यावरा स्थित राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज के सामने आशा अर्पण नैत्र चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है. सफदरगंज अस्पताल,
- डा.राम मनोहर लोहिया अस्पताल, गंगाराम अस्पताल जैसे बड़े अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे चुके है.

आंख ही जीवन है,
आंख ही लक्ष्मी है,
आंख ही ज्ञान है,
आंख ही भक्ति है
आंख ही शक्ति है
आंख ही गति है, परिवार है.

डॉक्टर्स डे आज